सीरी में सीएसआईआर के 85वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में दिनांक 7 अक्टूबर, 2026 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 85वाँ स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रोफेसर अनिंद्य दत्ता, निदेशक, आईएनएसटी, मोहाली मुख्य अतिथि तथा श्री राहुल वर्मा, पूर्व मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी ने की। संस्थान के पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मियों, उनके परिजनों, मीडिया कर्मियों आदि ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई।



दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ करते हुए
मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिंद्य दत्ता एवं विशिष्ट अतिथि श्री राहुल वर्मा

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित सीएसआईआर-सीरी के निदेशक के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ एवं राजस्थानी साफा पहनाकर किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।



स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए
प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अपने स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफेसर भट्टाचार्य ने सीएसआईआर की विगत 85 वर्षों की गौरवशाली वैज्ञानिक एवं तकनीकी यात्रा, राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान तथा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में सीएसआईआर की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर भट्टाचार्य ने सीएसआईआर सहित संस्थान की हाल की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं शोध गतिविधियों का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाएँ देश की औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति में निरंतर योगदान दे रही हैं। अंत में उन्होंने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित अतिथियों को परिषद के 85वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए इसकी निरंतर प्रगति की कामना की।



सभागार में उपस्थित अतिथि, वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मी तथा उनके परिजन




स्थापना दिवस संबोधन देते हुए मुख्य अतिथि
प्रोफेसर अनिंद्य दत्ता, निदेशक, आईएनएसटी, मोहाली

मुख्य अतिथि **प्रोफेसर अनिंद्य दत्ता** ने सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं संस्थान कार्मिकों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सीएसआईआर के योगदान की सराहना की। उन्होंने देश के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक विकास में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के शोध कार्य राष्ट्र के औद्योगिक विकास, ऊर्जा संसाधनों और प्रौद्योगिकी की आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



समारोह के दौरान सभागार में उपस्थित अतिथि, वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मी तथा उनके परिजन

विशिष्ट अतिथि श्री **राहुल वर्मा,** पूर्व मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव एवं संस्मरण साझा किए और सभी सहकर्मियों को समर्पित भाव से संस्थान व देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भी सीएसआईआर-सीरी तथा संपूर्ण सीएसआईआर परिवार को अपनी ओर से 85वें सीएसआईआर स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।



विशिष्ट अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ राहुल वर्मा, पूर्व मुख्य वैज्ञानिक



वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन करते हुए अतिथिगण

वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित मंचस्थ अधिकारीगण द्वारा वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रतिवेदन का भी विमोचन किया गया।



सेवा सम्मान भेंट करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिंद्य दत्ता



सीएसआईआर निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए अतिथि

सेवा एवं अन्य पुरस्कार/सम्मान

इस अवसर पर अतिथियों ने गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए सहकर्मियों (11) तथा 25 वर्ष की सेवा देने वाले सहकर्मी (01) को **सेवा पुरस्कार** भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सीएसआईआर निबंध लेखन प्रतियोगिता के 20 विजेता बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।



अतिथियों को सम्मानित करते हुए प्रोफ़ेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अतिथि सम्मान

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को संस्थान की ओर से **शॉल व स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य वैज्ञानिक डॉ (श्रीमती) निधि चतुर्वेदी ने भी श्रीमती शोभा वर्मा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।



श्रीमती शोभा वर्मा को शॉल ओढा कर सम्मानित करती हुई डॉ निधि चतुर्वेदी, मुख्य वैज्ञानिक



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल

समारोह के अंत में मुख्य वैज्ञानिक **डॉ सुचंदन पाल** ने औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं निदेशक महोदय सहित सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। समारोह का संचालन **डॉ अदिति**, प्रधान वैज्ञानिक एवं **श्री मुकेश भट्ट**, तकनीकी अधिकारी ने किया। उन्होंने उपस्थित पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मियों तथा उनके परिजनों को अतिथियों का औपचारिक परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन **राष्ट्रगीत** एवं **राष्ट्र गान** के साथ हुआ।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अदिति एवं श्री मुकेश भट्ट


सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह में माननीय मंत्री जी एवं सीएसआईआर महानिदेशक की उपस्थिति में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते हुए अधिकारीगण

सीएसआईआर स्थापना दिवस का मुख्य समारोह

सीएसआईआर के स्थापना दिवस का मुख्य समारोह दिनांक 25 सितंबर, 2026 को एनएएससी परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं उपाध्यक्ष, सीएसआईआर डॉ जितेन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित '4K लैप्रोस्कोपी टावर प्रौद्योगिकी' का हस्तांतरण हेल्थियम मेडटेक को किया गया।

इस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के अवसर पर समारोह में माननीय मंत्री जी के साथ डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव, डीएसआईआर एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे।

4K लैप्रोस्कोपी टावर प्रौद्योगिकी

आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए तथा देश के हेल्थकेयर क्षेत्र के स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता के लिए विकसित इस प्रौद्योगिकी की विशेषता है कि यह न्यूनतम चीर-फाड़ वाली शल्य चिकित्सा (Minimally Invasive Surgery) हेतु विकसित की गई है। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक प्रो. शांतनु भट्टाचार्य और हेल्थियम मेडटेक के श्री सुबीर दास ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीरी के पीएमई प्रमुख श्री प्रमोद तँवर भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सीएसआईआर-सीरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सत्यम श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा लगभग ₹1.18 करोड़ मूल्य की इस स्वदेशी प्रौद्योगिकी का विकास सीएसआईआर के विनिर्माण मिशन के अंतर्गत किया गया है। यह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण स्वदेशी चिकित्सा प्रौद्योगिकी को अनुसंधान प्रयोगशाला से उद्योग तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे चिकित्सा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के व्यवसायीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा यह स्वास्थ्य सेवाओं में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

सीएसआईआर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एनएएससी परिसर, नई दिल्ली में **प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी** भी लगाई गई थी जिसमें सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा अपने नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रोटोटाइप, अनुसंधान की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों तथा विज्ञान-कला दीर्घाओं (science-art gallaries) का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त, सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों में 26 सितंबर, 2026 को विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा आम जनता को सीएसआईआर प्रयोगशालाओं वैज्ञानिक अनुसंधान, नवीन प्रौद्योगिकियों और सीएसआईआर की उपलब्धियों से परिचित कराने के उद्देश्य से खुला दिवस (ओपन डे) कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।



सीएसआईआर स्थापना दिवस पर ओपन डे में संस्थान की वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करते स्कूली विद्यार्थी

सीएसआईआर-सीरी में खुला दिवस (ओपन डे)

सीएसआईआर-सीरी में सीएसआईआर स्थापना दिवस (26 सितंबर, 2026) को संस्थान में खुला दिवस (ओपन डे) रखा गया। इस दिन पिलानी सहित अन्य निकटवर्ती विद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने संस्थान की विज्ञान दीर्घा, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी आदि का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के पिलानी स्थित मुख्यालय सहित जयपुर परिसर में भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों एवं शोध परियोजनाओं से संबंधित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

कार्यक्रम के कुछ अन्य फोटोग्राफ







